

मसूरी में गरीबों को कम्बल वितरित करते मसूरी विधायक गणेश जोशी।

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम आज करेंगे मुम्बई में उत्तराखण्ड भवन का लोकार्पण

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत बुधवार को नवी मुम्बई में उत्तराखण्ड भवन (राज्य अतिथि गृह एवं एम्पोरियम) का लोकार्पण करेंगे। उत्तराखण्ड भवन की लागत 39 करोड़ 73 लाख रूपए है। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि मुम्बई में उत्तराखण्ड सदन बनने से प्रदेश के जो लोग किसी कार्यक्रमों एवं अन्य कार्यों के के लिए मुम्बई जायेंगे, उनको ठहरने में परेशानी नहीं होगी। सदन में विशेष रूप से कैंसर के रोगियों के लिए जो ईलाज के लिए मुम्बई आते हैं, उनके लिए भी कक्ष आरक्षित रहेगा।

### तीर्थ पुरोहितों के हितों को पूरी तरह सुरक्षित रखा जायेगा

**संवाददाता** देहरादून। देवस्थानम विधेयक को राजभवन से मंजूरी मिलने के बाद मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने मंगलवार को मीडिया से वार्ता करते हुए बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री और इनके आसपास के मंदिरों का प्रबंधन चारधाम देवस्थानम प्रबंधन बोर्ड के नियंत्रण में रहेगा लेकिन इनसे जुड़े पुजारी, न्यासी, तीर्थ, पुरोहितों, पंडों और हकहकूकधारियों को वर्तमान में प्रचलित देव दस्तूरात और अधिकार यथावत रहेंगे। मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र कहा कि जब हम कोई भी सुधार करते हैं तो उसकी प्रतिक्रिया होती ही है।

### विधायक जोशी ने अपनी वैवाहिक वर्षगांठ पर गरीबों को कंबल वितरित किए

**संवाददाता** देहरादून। मसूरी विधायक गणेश जोशी ने अपनी 35वीं वैवाहिक वर्षगांठ के अवसर पर मसूरी के गांधी चौक में गरीब एवं बेसहारा लोगों को कम्बल एवं मिष्ठान वितरित किये। उन्होनें कहा कि मेरा प्रयास होता है कि अपने जन्मदिवस, शालगिरह एवं अपने बच्चों के जन्मदिवस को जरुरतमंद लोगों के साथ उत्सव के तौर पर मनाते हैं। विधायक जोशी ने समाज के समृद्ध लोगों से अपील की है कि पश्चिमी सभ्यता को तौर पर अपने जन्मदिवस को मनाने की परम्परा को छोड़कर इस दिन को उत्सव के तौर पर समाज सेवा को प्राथमिकता दें।

### फ्लैगशिप स्मार्टफोन ऑनर 9 एक्स लॉन्च किया

**संवाददाता** देहरादून। अग्रणी वैश्विक स्मार्टफोन ई–ब्रांड ऑनर ने आज अपने नवीनतम फ्लैगशिप स्मार्टफोन ऑनर 9एक्स के लॉन्च की घोषणा की। यह भारत में पॉप–अप सेल्फी कैमरा पेश करने वाला ब्रांड का पहला फोन है। ऑनर 9एक्स के अलावा, ब्रांड ने अगली पीढ़ी की डिवाइस–ऑनर मैजिक–वॉच2 और ऑनर बैंड 5आई के लॉन्च के साथ अपने वियरेबल पोर्टफोलियो का विस्तार भी किया।

## भाजपा के दस नेताओं को विभिन्न विभागों का दायित्वधारी बनाया गया

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने भाजपा के दस नेताओं को बड़ा तोहफा दिया है। इन सभी को विभिन्न विभागों का दायित्वधारी बनाया गया है। मंगलवार को इसका शासनादेश भी जारी कर दिया गया है। राजीव सिंह उत्तराखंड राज्य बीज एवं जैविक उत्पाद प्रमाणीकरण संस्था के अध्यक्ष बनाए गए। विश्वास डाबर को उत्तराखंड आवास–विकास परिषद के अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बहादुर सिंह बिष्ट को उत्तराखंड राज्य उच्च शिक्षा उन्नयन समिति का उपाध्यक्ष बनाया गया। अतर सिंह असवाल को सिंचाई सलाहकार समिति का उपाध्यक्ष बनाया गया है। अतर सिंह तोमर को सिंचाई सलाहकार समिति का उपाध्यक्ष बनाया गया है। शोभा राम प्रजापति को माटी कला बोर्ड के उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। फाकीर राम टम्टा को समाज कल्याण योजना अनुश्रवण समिति के उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। खेम पाल सिंह को पिछड़ा वर्ग कल्याण परिषद का उपाध्यक्ष बनाया गया है। करन सिंह बोहरा को उत्तराखंड वन पंचायत सलाहकार परिषद का उपाध्यक्ष बनाया गया है। सुशील चौहान को जैविक उत्पाद परिषद के उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# सफाई कार्मिकों को सामाजिक सुरक्षा बिमा योजना से जोड़ने के निर्देश

**निर्देश**

जिलाधिकारी ने ली स्वच्छकार समिति की बैठक

बिमा का पंजीकरण करवाने के निर्देश

**संवाददाता**

देहरादून। जिलाधिकारी सी रविशंकर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वच्छकार समिति की बैठक आयोजित की गयी।

जिलाधिकारी ने नगर निगम देहरादून व ऋषिकेश के साथ ही जनपद की समस्त नगर पालिकाओं तथा जल संस्थान व पेयजल निगम को उनके यहां कार्य करने वाले समस्त सफाई कार्मिकों के अटल आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनवाने तथा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बिमा योजना व प्रधानमंत्री सुरक्षा बिमा योजना के अन्तर्गत अनिवार्यतः बिमा का पंजीकरण करवाने के निर्देश दिये। उन्होंने नगर निगम देहरादून एवं ऋषिकेश के साथ ही समस्त नगर पालिकाओं को निर्देश दिये कि 31 जनवरी तक इस बात का प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करेंगे कि सभी सफाई कार्मिकों को सामाजिक सुरक्षा बिमा योजना से जोड़ा जा चुका है, सभी के अटल आयुष्मान कार्ड बनवा लिये गये हैं तथा शिविर का आयोजन करते हुए इसमें साफ–सफाई की काउन्सिलिंग दी गयी व पर्याप्त सफाई किट अनिवार्य रूप से वितरित कर दी गयी है।



स्वच्छकार समिति की बैठक लेते जिलाधिकारी।

उन्होंने नगर निकायों के साथ ही पेयजल निगम, जल संस्थान, जैसे विभागों से भी अपेक्षा की है कि वे भी सफाई कार्य पूरी सुरक्षा किट के साथ ही करवायें, यदि किसी भी स्तर पर लापरवाई से कोई घटना घटती है तो सम्बन्धित विभाग की भी इसमें जिम्मेदारी तय की जायेगी।

जिलाधिकारी ने नगर निगम दून द्वारा वर्ष 2013 में चिन्हित किये गये 8 मैनुअल, स्कैवेजर्स में जीवित 6 व्यक्तियों के सम्बन्ध में निर्देश दिये कि यदि ये व्यक्ति किसी योजना के अन्तर्गत ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन करते हैं तो उनको जरूरी प्रशिक्षण देते हुए जिला लीड बैंक अधिकारी के समन्वय से बैंको से योजना के अन्तर्गत ऋण दिलाना सुनिश्चित करें।

02 दिसम्बर 2013 को मैक्स अस्पताल में सेप्टिक टैंक की सफाई करने के दौरान जिन 3 सफाई कर्मियों की दम घुटने से मृत्यु हो गयी थी उक्त व्यक्तियों में से 2 व्यक्तियों को मैक्स अस्पताल द्वारा मानक अनुसार धनराशि निर्गत की जा चुकी है जबकि मृतक अक्षय कुमार, राजीव नगर चमनपुरी पटेलनगर देहरादून के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिये कि मृतक व्यक्ति का उत्तराधिकार प्रमाण–पत्र प्राप्त करते हुए भुगतान करवायेंगे।

# सीता माता मन्दिर निर्माण के लिए राज्य स्तरीय ट्रस्ट बनेगा

**बैठक**

- सीएम ने सीतोंस्यू में सीता माता मंदिर बनाये जाने के सबंध में बैठक ली
- मंदिर धार्मिक संस्थाओं एवं जन सहयोग से बनाया जायेगाः मुख्यमंत्री

देहरादून। **संवाददाता**

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने मंगलवार को सचिवालय में सीतोंस्यू में सीता माता मंदिर बनाये जाने के सबंध में बैठक ली। सीता माता के मन्दिर निर्माण के लिए एक राज्य स्तरीय ट्रस्ट बनाया जायेगा, जिसके अध्यक्ष मुख्यमंत्री होंगे। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि यह मंदिर धार्मिक संस्थाओं एवं जन सहयोग से बनाया जायेगा। इस मन्दिर के लिए सीता माता से जुड़े सभी स्थानों की शिला, मिट्टी एवं जल लाया जायेगा साथ ही उत्तराखण्ड के सभी 13 जनपदों से कुछ लोगों की कमेटी बनाकर उत्तराखण्ड के मंदिरों की शिला एवं मिट्टी सीता माता मंदिर के लिए लाई जायेगी।



मुख्यमंत्री अधिकारियों की बैठक लेते हुए।

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि सीता माता मंदिर के समीप जटायु का मंदिर बनाया जायेगा। यह मंदिर ऐसे स्थान पर बनाया जायेगा, जहां से सीता माता मंदिर के दर्शन भी हों। सीतोंस्यू में जिस स्थान पर सीता माता ने समाधि ली थी, उस स्थान पर प्राचीन स्वरूप को वैसा ही रखा जायेगा। उन्होंने कहा कि देवप्रयाग से सीतासैंण तक श्रद्धालुओं के लिए आवागमन हेतु उचित व्यवस्थाएं की जायेंगी। बैठक में मेयर सुनील उनियाल गामा, अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, सचिव पर्यटन दिलीप जावलकर, सचिव सुशील कुमार, जिलाधिकारी पौड़ी धीरज गबर्याल आदि उपस्थित थे।

## दून में भव्य शौर्य स्थल बनाया जायेगाः सीएम

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने मंगलवार को सचिवालय में शौर्य स्थल की स्थापना के संबंध में बैठक ली। उन्होंने कहा कि देहरादून में भव्य शौर्य स्थल बनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस शौर्य स्थल को अत्याधुनिक बनाया जायेगा। जिसमें हमारे वीर जवानों की वीरता की झलक देखने को मिलेगी। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि शौर्य स्थल के लिए स्थान चयन के लिए राजस्व, सैनिक कल्याण, वन विभाग एवं सबंधित विभागों को संयुक्त निरीक्षण करने के निर्देश दिये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शौर्य स्थल के लिए स्थान चयन हेतु एक सप्ताह के अन्दर भ्रमण कर रिपोर्ट दी जाय। शौर्य धाम के लिए चयनित जगह पर वाहनों की पार्किंग के लिए अलग से व्यवस्था की जायेगी। बैठक में मेयर सुनील उनियाल गामा, अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, सचिव सुशील कुमार, अपर सचिव विनोद कुमार सुमन संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।